हिन्दी सान्ध्य दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 02 | अंक : 120 | जौनपुर, गुरुवार 25 जनवरी 2024 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य : 2 रूपया

## योगी आदित्यनाथ बोले, एक जिला एक उत्पाद योजना ने उत्तर प्रदेश को नई पहचान दिलाई



एजेन्सी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना ने उत्तर प्रदेश को नयी पहचान दिलायी है और आज यह प्रदेश दो लाख करोड़ रुपए का ओडीओपी निर्यात कर रहा है। अवध शिल्पग्राम से सातवें उत्तर प्रदेश दिवस का शुभारम्भ करते हुए उन्होंने कहा '' वर्ष 2018 में आज ही के दिन हमारी सरकार ने एक जिला एक उत्पाद योजना का शुभारंभ किया था, जो आज उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान दिला रहा है। इस कार्यक्रम को शुरु करने का परिणाम है कि पहले की सरकारों में यूपी का निर्यात जहां 86 हजार करोड़ रुपए का था, वहीं आज उत्तर प्रदेश 2 लाख करोड़ रुपए का ओडीओपी निर्यात कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिट क्रियाशील हैं, जिन्होंने कोरोना कालखंड में दूसरे प्रदेश से वापस आए उत्तर प्रदेश के 40 लाख लोगों को रोजगार दिया। हमारी सरकार प्रदेश की एमएसएमई यूनिट को किसी दुर्घटना या आपदा पर पांच लाख रुपए का सुरक्षा बीमा कवर उपलब्ध करा रही है। योगी ने उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2023–24 का वितरण और ओडीओपी उत्पादों की ई–मार्केटिंग के लिए 'ओडीओपी मार्ट पोटर्ल की लॉन्चिंग भी की। उन्होंने कहा कि नोएडा में पिछले वर्ष आयोजित हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से दुनिया ने उत्तर प्रदेश के पोटेंशियल को देखा। उस ट्रेड शो में 500 से अधिक विदेशी बायर्स आए थे। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के तीसरे स्थापना दिवस पर हमारी सरकार ने अप्रेंटिसशिप की नई स्कीम लागू की थी, जिससे लाखों युवा जुड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, वेतन देने के लाले थे। पूरे प्रदेश में अव्यवस्था का तांडव था। प्रदेश के सामने पहचान का संकट था। यहां का युवा अपनी पहचान छुपाने के लिए मजबूर होता था। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद जब डबल इंजन की सरकार ने काम करना प्रारंभ किया तो प्रदेश में सुरक्षा का एक बेहतर वातावरण बना। आज परिणाम हमारे सामने है। आज उत्तर प्रदेश के नौजवानों, उद्यमियों और व्यापारियों को देश के अंदर अपनी पहचान छुपाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है बल्कि गर्व से खुद को उत्तर प्रदेश का बताते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है। इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के मामले में भी प्रदेश की स्थिति बेहतर हुई है।

## पीएम मोदी छह फरवरी को गोवा दौरे के दौरान विभिन्न परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन



एजेन्सी

पणजी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने गोवा दौरे के दौरान छह फरवरी को विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने की। उन्होने पत्रकारों से कहा, " प्रधानमंत्री दक्षिण गोवा में भारत ऊर्जा सप्ताह कार्यक्रम में शामिल होंगे।

वह मडगांव शहर में एक सरकारी समारोह को संबोधित करेंगे और सात विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।" उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं का मोदी उद्घाटन करेंगे उनमें कुन्कोलिम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान परिसर, डोना पाउला में भारतीय जल क्रीड़ा संस्थान, बेटिम में कमांडेंट नेवी कॉलेज, कुडचडें में एक ठोस अपशिष्ट उपचार संयंत्र और सेलौलीम बांध पर 100 एमएलडी क्षमता का जल शोधन संयंत्र शामिल है।

सावंत ने कहा, "प्रधानमंत्री पणजी के पास रीस मैगोस किले में बनने वाली रोपवे परियोजना और पाटो में बनने वाली एक 3डी इमारत की आधारशिला भी रखेंगे।" उन्होंने कहा कि 'मेरा भारत, आम नागरिक केंद्र, ग्रामीण मित्र, वन अधिकार अधिनियम और अन्य सरकारी कार्यक्रमों के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री की उपस्थिति में एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## खड़गे ने अमित शाह को लिखी चिट्ठी, यात्रा पर भाजपा कार्यकर्ताओं के हमले, पुलिस दे रही संरक्षण



एजेन्सी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वह असम में पार्टी नेता राहुल गांधी और श्भारत जोड़ो न्याय यात्राश में शामिल अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करें। खरगे ने 23 जनवरी को वाले इस पत्र में दावा किया कि कई मौकोंपर असम पुलिस सुनियोजित ढंग से खड़ी रही या फिर उसने भाजपा के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा घेरे में सेंध लगाते हुए राहुल गांधी के निकट पहुंचने दिया। खरगे के मुताबिक, सार्वजनिक तौर पर साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद अब तक किसी भी शरारती तत्व की गिरफ्तारी नहीं हुई और कई मामलों में जांच भी शुरू नहीं हुई। उन्होंने गृह मंत्री से आग्रह किया कि वह असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दें कि आगे ऐसी कोई घटना नहीं हो जिससे राहुल गांधी या 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल अन्य किसी सदस्य को गंभीर चोट पहुंचे। खरगे ने पत्र में असम में पिछले कुछ दिनों के दौरान हुई घटनाओं का उल्लेख किया। असम पुलिस ने हिंसा में शामिल होने के आरोप में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ स्वत: संज्ञान लेते हुए मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' इस समय असम में है। हिंसा की कथित घटनाएं उस समय हुईं, जब पार्टी समर्थकों और नेताओं ने गुवाहाटी में प्रवेश करने की कोशिश में अवरोधक तोड़ दिए और पुलिसकर्मियों के साथ झड़प की। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त दिगंत बोरा ने बताया कि इस झड़प में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए।

### खराब मौसम के चलते ममता बनर्जी की कार का एक्सीडेंट, सिर पर लगी चोट

एजेन्सी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सी.एम. ममता बनर्जी के साथ खराब मौसम होने के कारण हादसा हो गया। दरअसल, सी.एम. ममता बर्दवान से कोलकाता लौट रही थीं और इसी दौरान उनकी कार के सामने दूसरी कार आ गई जिस वजह से ये दुर्घटना घटी। इस हादसे में उनके माथे पर चोट लग गई। जानकारी के अनुसार जब सी.एम. के काफिले के सामने अचानक दूसरी कार आ गई तो उनकी कार ने तुरंत ब्रेक लगा दिया। बता दें कि खराब मौसम के कारण वह हेलीकॉप्टर से नहीं बल्कि सड़क मार्ग से ही कोलकाता लौट रही थीं।

## उनके बिना `इंडिया गठबंधन की कल्पना नहीं, बंगाल में ममता के अकेले चुनाव लड़ने के ऐलान पर बोली कांग्रेस

एजेन्सी

नयी दिल्ली कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी के बिना कोई भी विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के अस्तित्व की कल्पना नहीं कर सकता। पार्टी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान असम के उत्तरी सलमारा में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा कि बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस विपक्षी गठबंधन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने कहा, ''ममता जी के बिना कोई भी 'इंडिया गठबंधन की कल्पना नहीं कर सकता। 'इंडियाश गठबंधन पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव लड़ेगा और सभी (साझेदार) भाग लेंगे। रमेश ने कहा, ''ममता बनर्जी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराना हम सभी की प्रमुख जिम्मेदारी है। जयराम ने कहा कि ममता बनर्जी को न्याय यात्रा में शामिल होने का न्योता भेजा है। हम उनसे बात कर बीच का कोई रास्ता निकालेंगे। ममता बनर्जी ने बुधवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव राज्य में अकेले लड़ने का फैसला किया है। बनर्जी ने कांग्रेस और टीएमसी के बीच सीटों के बंटवारे पर चल रहे टकराव के बीच कहा, ''मैंने उन्हें (कांग्रेस) सीटों के बंटवारे पर एक प्रस्ताव दिया था लेकिन उन्होंने शुरू में ही इसे नकार दिया। हमारी पार्टी ने अब बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने राज्य में सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस में किसी से बात नहीं की है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया के सदस्यों तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), वाम दलों और कांग्रेस के बीच पश्चिम बंगाल में सीट बंटवारा जटिल होगा लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि किसी भी मतभेद को जल्द ही हल कर लिया जाएगा। टीएमसी की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि उनकी पार्टी ने राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव अकेले ही लड़ने का फैसला किया है। इसके बाद भारद्वाज ने उक्त टिप्पणी की।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर परम् श्रद्धेय अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ब्रह्मदेव वर्मा जी को उनके आश्रित जन विजय प्रकाश श्रीवास्तव, अधिवक्ता, सिविल कोर्ट जौनपुर एवं उनके सभी परिवारजनों की तरफ से तथा देश की उपासना समाचार पत्र परिवार की ओर से कोटि कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि

## गणतंत्र दिवस परेड का आज फुल ड्रेस रिहर्सल किया

एजेन्सी

लखनऊ। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ में आयोजित होने वाली भव्य परेड का आज फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान भारतीय सेना के पराक्रम के साथ स्कूल के बच्चों ने भी परेड किया। सेना के बैंड धुन पर पुलिस और सेना के जवान के अलावा बच्चे भी कदम ताल पर आगे बढ़ते नजर आए। साथ ही कदमताल करते जवान राज्यपाल की डमी के सामने तिरंगे को सलामे देते गुजरे। इसके अलावा सीएम योगी और गवर्नर की फ्लीट की भी रिहर्सल हुई। बता दें कि राजधानी लखनऊ में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर भव्य परेड निकाली जाती है। परेड राजधानी के चारबाग स्थित रवींद्रालय से निकलकर, हुसैनगंज, बर्लिंगटन, सचिवालय, विधानसभा, हजरतगंज होते हुए केडी सिंह बाबू स्टेडियम तक जाती है। इसको लेकर आज फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया।

## बलात्कार पीड़िता की पहचान का मामला, राहुल गांधी के खिलाफ दायर याचिका का निपटारा



एजेन्सी

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका का निपटारा कर दिया जिसमें एक कथित बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करने की मांग की गई थी। अदालत ने राहुल गांधी, पुलिस और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की दलीलों पर गौर करने के बाद इस याचिका का निपटारा कर दिया। बता दें कि किसी बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करना भारतीय दंड संहिता की धारा 228ए के तहत अपराध है और इस अपराध के लिए दो साल तक की कैद और जुर्माना हो सकता है। दिल्ली पुलिस ने उच्च न्यायालय में कहा कि 2021 में कथित बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने वाले ट्वीट को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की गई थी और इस संबंध में जांच अभी जारी है। राहुल गांधी के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा की पीठ को बताया कि उन्होंने उस ट्वीट को हटा लिया है जिसमें उस नाबालिग दलित लड़की की पहचान का खुलासा होता था, जिसकी कथित तौर पर बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी।


### अवकाश सूचना

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समाचार पत्र के प्रेस व कार्यालय में 26 जनवरी को अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक 27 जनवरी को प्रकाशित होगा।

सम्पादक







## सम्पादकीय

### न्याय यात्रा में अवरोध के निहितार्थ

14 जनवरी को मणिपुर से प्रारम्भ हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को जिस प्रकार से उत्तर–पूर्व के सबसे बड़े राज्य असम में रोकने की कोशिशें हो रही हैं, वह पूरी तरह से गैर लोकतांत्रिक तो है परन्तु उनसे अन्य महत्वपूर्ण संकेत मिल रहे हैं। देश के 15 राज्यों से होती हुई 6700 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली न्याय यात्रा मुम्बई में 20 मार्च को खत्म होगी। यह श्हाई ब्रीडश यात्रा कही जा रही है जिसमें राहुल कुछ फासला अपने वाहन से तय करेंगे जो इस काम के लिये विशेष रूप से निर्मित किया गया है और कुछ पैदल। यह सभी को याद है कि इसके पहले राहुल सितम्बर, 2022 में तमिलनाडु के कन्याकुमारी से श्रीनगर तक का पैदल मार्च कर चुके हैं जो 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त हुआ था। पिछली यात्रा को ध्यान में लाने का मकसद यह है कि उस लगभग 3200 किमी की यात्रा में किसी भी सरकार द्वारा कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं किया गया था। यहां तक कि केन्द्र सरकार की ओर से भी नहीं। भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं ने अवश्य ही उन पर फब्तियां कसी थीं या गैरजरूरी किस्म के बयान दिये थे जिनका उद्देश्य कांग्रेस का मनोबल गिराना था। हां, जम्मू में एकाध जगह पर राहुल की सुरक्षा सम्बन्धी कुछ प्रश्न खड़े हुए थे जिसमें स्थानीय प्रशासन ने इसके पहले कि कोई अनहोनी हो जाये, सुधार कर लिया था। इस बार की यात्रा अभी तक 10 दिनों की हो चुकी है। फिलहाल वह उत्तर–पूर्व में ही है। मणिपुर के बाद वह नगालैंड होती हुई असम पहुंची, फिर अरूणाचल प्रदेश गयी। वहां एक दिन रहकर राहुल ने फिर से असम में प्रवेश किया। यहां वे 25 तक रहेंगे तत्पश्चात उनकी यात्रा मेघालय जा रही है। पहली बार जब राहुल 19 जनवरी को गुवाहाटी पहुंचे, तो उन्होंने अपने भाषण में राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट सीएम बतलाते हुए कहा कि उनका पूरा परिवार भ्रष्टाचार में लिप्त है। इससे बौखलाये हिमंता ने राहुल को चुनौती दे डाली कि वे शहर के भीतर से अपनी यात्रा न निकालें। अगर राहुल ने ऐसा किया तो उनके खिलाफ सीधे मामला दर्ज होगा और चुनाव के बाद गिरफ्तारी होगी। यह टकराव बढ़ गया जब 22 जनवरी को उन्हें नगांव के शंकरदेव मंदिर जाने से रोक दिया गया। वे सड़क पर ही बैठ गये। कांग्रेस के केवल दो नेताओं को ही जाने की अनुमति मिली। स्थिति और भी खराब हो गई जब रविवार को उनके काफिले पर हमला हुआ और यात्रा सम्बन्धी पोस्टर फाड़ दिये गये। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश की कार पर भी हमले हुए तथा वहां के कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा को चोटें आईं। मामला मंगलवार को अधिक बिगड़ गया जब न्याय यात्रा को गुवाहाटी में रोकने के लिये पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी। इसे हटाकर जब कांग्रेसी आगे बढ़ने लगे तो पुलिस ने उन पर लाठी चार्ज किया। इतना ही नहीं, राहुल के खिलाफ एफआईआर करने के आदेश भी श्री बिस्वासरमा ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को दिये हैं। पुलिस के अनुसार काम का दिन होने के कारण यात्रा को शहर के भीतर से जाने के लिये मना किया गया था क्योंकि इससे शहर का यातायात प्रभावित होता। इस पर कांग्रेस का कहना है कि जब उसी रास्ते से भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की रैली निकल सकती है और बजरंग दल वाले जुलूस ले जा सकते हैं तो उन्हें अनुमति देने में क्या दिक्कत है।

ये सारी कार्रवाइयां बतला रही हैं कि भारतीय जनता पार्टी की न केवल असम की वरन केन्द्र सरकार भी यात्रा से घबराई हुई है। हिमंता एवं उनका परिवार शारदा चिट फंड घोटाले में फंसे हुए बताये जाते हैं इसलिये वे पूरी तरह से भाजपा व केन्द्र के रहमो–करम पर हैं। उन्होंने कांग्रेस में 15 वर्ष बिताए थे और जब उन पर सीबीआई का शिकंजा कसा, तो वे भाजपा में चले गये। केन्द्र के आदेशों का पालन करना उनकी मजबूरी है। साथ ही वे पूरे उत्तर–पूर्वी राज्यों के विकास हेतु बने नॉर्थ ईस्ट डेवलपमेंट एजेंसी (नेडा) के अध्यक्ष भी हैं। जिस प्रकार से राहुल की स्वीकार्यता एवं लोकप्रियता इस क्षेत्र में बढ़ी है, उससे भाजपा व खुद हिमंता को अपनी जमीन खिसकती हुई दिख रही है। उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चिंता है कि उनके राज्य समेत पूरे उत्तर–पूर्व भारत में यदि भाजपा का प्रदर्शन ठीक न रहा तो उसका ठीकरा उन्हीं के सिर पर फोड़ा जायेगा। उनका मुख्यमंत्री का पद जायेगा, सो अलग। इसलिये वे आक्रामकता एवं अतिरिक्त स्वामिभक्ति का प्रदर्शन कर रहे हैं। हिमंता यात्रा की राह में आने वाले उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी राह दिखलाने की कोशिश कर रहे हैं जिनमें भाजपा की सरकारें हैं। इनमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि हैं जहां के मुख्यमंत्री हिमंता का अनुसरण करने की भूल कर सकते हैं। श्भूलश इसलिये, क्योंकि हिमंता के उठाये कदमों से राहुल एवं न्याय यात्रा को लाभ ही पहुंचता हुआ दिख रहा है। खुद राहुल ने मंगलवार को अपनी मीडिया कांफ्रेंस में स्वीकार किया कि उन्हें तो प्रचार का फायदा मिल रहा है इसलिये वे चाहते हैं कि हिमंता इस प्रकार की कार्रवाइयां करते रहें। राहुल की न्याय यात्रा गंतव्य से अभी मीलों दूर है परन्तु इस बार जो हमले उन पर हो रहे हैं उससे साफ है कि लोग उनसे प्रभावित हो रहे हैं जिसका फायदा कांग्रेस सहित संयुक्त प्रतिपक्ष यानी इंडिया को मिल सकता है।

## आज का राशि फल

मेष :– महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

वृषभ :– परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर मिलेंगे।

मिथुन :– मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त रहने का प्रयत्न करें। रोजगार में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। आलस्य कतई न करें।

कर्क :– बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

सिंह :– नौकरी का वातावरण सुखद होगा। भावनात्मक समस्याओं पर सगे–संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। रोजगार क्षेत्र में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी।

कन्या :– महत्वपूर्ण कायरें को कल पर न टालें। नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट संभव।

तुला :– निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परिवार में खुशहाली स्थिति रहेगी।

वृश्चिक :– अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जरूरी कायरे में आलस्य न करें। किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

धनु :– सगे–संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

मकर :– विभागीय परिवर्तन से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा।

कुंभ :– राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन–सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

मीन :– किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। महत्वपूर्ण योजनाओं की पूर्ति हेतु तत्पर होंगे।

# दो मंदिरों के बीच में फंसा भारतीय लोकतंत्र

डॉ. दीपक पाचपोर

सोमवार को जब अयोध्या में पूरे तामझाम के साथ और देश के सबसे ताकतवर लोगों की मौजूदगी में राममंदिर में बालस्वरूप श्रीराम का बहुप्रतीक्षित प्राण–प्रतिष्ठा समारोह प्रधानमंत्री के हाथों हो रहा था, उसी वक्त वहां से तकरीबन डेढ़ हजार किलोमीटर दूर असम के नगांव जिले में स्थित बोदर्वा थान में प्रसिद्ध शंकरदेव के मंदिर में जाने से कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को रोक दिया गया। खुद मोदी के द्वारा निश्चित उद्देश्यों के तहत बनवाये गये इस मंदिर में कहने को तो वे रामजन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट की तरफ से पहले श्प्रमुख यजमानश के रूप में और बाद में विवाद उठने पर श्प्रतीकात्मक यजमानश के तौर पर शामिल हुए। जैसी कि हालिया दौर में परिपाटी चल पड़ी है, मोदी के रहते कोई भी न तो मुख्य अतिथि हो सकता है और न ही समारोह के सर्वोच्च पद पर आसीन होकर शिरकत कर सकता है। ऐसा ही हुआ। इसके विपरीत, राहुल को शंकरदेव मंदिर के संचालकों ने बाकायदे आमंत्रित किया था। उन्हें मंदिर के कुछ पहले एक स्थान पर रोक दिया गया। पिछले कुछ समय से राजनीति और धर्म के बीच फंसा भारतीय लोकतंत्र लगता है अब दो मंदिरों के बीच फंसकर रह गया है– राममंदिर और शंकरदेव मंदिर। इन दोनों मंदिरों के 22 जनवरी के मंजर बतला रहे हैं कि लोकतंत्र किस स्थिति में पहुंचा दिया गया है। रामजन्मभूमि मंदिर के चलते न सिर्फ देश की राजनीति में एक बड़ा बदलाव आया है बल्कि उसके चलते देश का सामाजिक ताना–बाना जिस तरह से बिखरा है, देश उसका भी साक्षी रहा है। कहा जाता है कि 1528 में मुगल साम्राज्य के संस्थापक बाबर के एक सेनापति मीर बाकी द्वारा राममंदिर को ध्वस्त कर यहां मस्जिद बनवाई गई थी। इसमें 1947 तक नमाज आदा की जाती रही। बाद में इसके मैदान पर हिन्दू कट्टरपंथी दावे करते रहे। यह विवाद परवान चढ़ा 25 सितम्बर, 1990 को जब भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी सोमनाथ (गुजरात) से रथ पर सवार होकर निकले थे। रास्ते में उन्हें बिहार में लालू प्रसाद यादव ने गिरफ्तार करवा दिया। विश्व हिन्दू परिषद के सहयोग से निकली यात्रा का भाजपा 1991 के चुनाव में इसलिये फायदा नहीं उठा पाई क्योंकि चुनाव प्रचार के दोनों चरणों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या हो गई और कांग्रेस फिर से सत्ता में आ गई। अलबत्ता भाजपा पहले के मुकाबले काफी मजबूत हुई। लाभ मिला 1996 में। पहले 13 दिनों की, फिर 13 महीने की और अंततरू 1998 में 5 साल के लिए अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में उसकी सरकार केन्द्र में बनी। श्शाइनिंग इंडियाश के नारे पर लड़ा गया 2004 का आम चुनाव भाजपा–वाजपेयी को जीता न सका। 2004 से लेकर 2014 तक कांग्रेस



लौट आई। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में वह केन्द्र पर आसीन रही।

2014 को पीएम बने मोदी पहले दिन से जान गये थे कि जमीनी मुद्दों पर चुनाव लड़ना और जीतना भाजपा के बस की बात नहीं है। उन्होंने दस साल (दो कार्यकाल) के दौरान भावनात्मक मुद्दों को सघन करने का काम किया। भाजपा ने पहला चुनाव तो पिछली सरकार पर आरोप लगाकर जीता, तो वहीं दूसरा (2019 का) लोकसभा चुनाव बालाकोट व पुलवामा के नाम पर जीता। लेकिन मोदी जान गये थे कि 2024 का चुनाव जीतना आसान नहीं। इसलिये आनन–फानन में सुप्रीम कोर्ट से आदेश पाकर रामजन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का कार्य पूरा किया गया। हिन्दू समाज की ओर से ही कहा गया कि 22 जनवरी किसी मंगल कार्य के लिये उपयुक्त नहीं है। रामलला की दृष्टि से रामनवमी को आदर्श माना गया परन्तु भाजपा की चुनावी प्रचार सम्बन्धी जरूरतों के लिहाज से ऐसा करने से इतनी देर हो जाती कि इस परिघटना का सियासी लाभ लेने की कोई गुंजाइश ही न बचती। यहां तक कि सर्वोच्च धर्मगुरु कहे जाने वाले शंकराचार्यों द्वारा तक आपत्तियां जताई गईं कि राममंदिर अभी अपूर्ण है। ऐसे में उसमें प्राण–प्रतिष्ठा शास्त्रानुकूल नहीं है। मोदी के वैवाहिक दर्जे के सन्दर्भ में भी उन्हें इस विधि के अनुकूल नहीं पाया गया। इससे परेशान ट्रस्ट ने थोड़ा रद्दोबदल करते हुए अपने एक ट्रस्टी अनिल मिश्रा एवं उनकी पत्नी को मुख्य यजमान बना दिया।

मोदी जी प्रतीकात्मक यजमान तो बने लेकिन मंगलवार के अखबार बतलाते हैं कि प्रतीकात्मक यजमान ही मुख्य यजमान थे और उनके अलावा कैमरे की जद में और कोई भी नहीं था। शंकराचार्यों की नाराजगी और व्यापक तौर पर यह मान लिये जाने के बावजूद, कि राममंदिर का उद्घाटन शास्त्रसम्मत नहीं है, हुआ मोदी के ही हाथों। होना ही था। देश की जानी–मानी हस्तियां अयोध्या में थीं। वह वर्ग नहीं था जिसके उत्थान की बात रामराज्य के जरिये होने के दावे किये जाते हैं। अयोध्या के राममंदिर की प्राण–प्रतिष्ठा के बाद भाजपा–संघ के लोगों की अपेक्षा अगर अन्य मस्जिदों के स्थान पर मंदिर बनाने की होती है तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिये। वैसे भी अयोध्या तो झांकी है, काशी मथुरा बाकी है का नारा तभी से चल रहा है जब 90 के दशक की शुरुआत में रामजन्मभूमि आंदोलन प्रारम्भ हुआ था। खैर, अब दूसरे मंदिर की बात की जाये। राममंदिर का सीधा सम्बन्ध सनातनी परम्परा का है तो वहीं जिस शंकरदेव के मंदिर में जाने से राहुल गांधी को रोका गयाय और दर्शन की मांग को लेकर बीच सड़क पर उन्हें धरना देना पड़ा, वह 15वीं सदी के महान संत का है जिन्हें नव वैष्णव धर्म का प्रवर्तक माना जाता है। उनका अध्यात्म के अलावा साहित्य व कला के क्षेत्रों में भी योगदान माना गया है। सामाजिक सौहार्द्र के लिये काम करने वाले शंकरदेव को इस मायने में भी एक महान समन्वयक कहा जाता है कि उन्होंने उत्तर भारत के कई संतों से मुलाकातें की थीं। राममंदिर का समारोह सनातन के जरिये अपनी राजनीति का विस्तार करने के लिये था तो शंकरदेव में राहुल के जाने की कोशिश समाज में नफरत खत्म कर सामंजस्य स्थापित करने की है। जिस समावेशी संस्कृति के लिये आज भारत तरस रहा है, वह तो शंकरदेव जैसे संतों की वाणी व प्रभाव से पाई जा सकती है। इसे ही ध्यान में रखकर राहुल ने कन्याकुमारी (7 सितम्बर, 2022 को शुरुआत) से श्रीनगर (समाप्त–30 जनवरी, 2023) तक की पैदल यात्रा की थी, जिसे भारत जोड़ो यात्रा का नाम दिया गया था। 14 जनवरी को इसका दूसरा चरण प्रारम्भ हुआ है जिसका समापन 20 मार्च, 2024 को मुम्बई में होगा। इस बार इसे भारत जोड़ो न्याय यात्रा का नाम मिला है। चूंकि अब लोकसभा के चुनाव नजदीक है और भाजपा के समक्ष इंडिया गठबन्धन के रूप में सामूहिक चुनौती है, उनके मार्ग में व्यवधान उत्पन्न किये जा रहे हैं। पहले मणिपुर में उनकी यात्रा के शुरू होने का स्थान प्रशासन ने बदला, फिर असम आने पर उन्हें मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा ने गिरफ्तार करने की चेतावनी दे दी। अब शंकरदेव मंदिर जाने से उन्हें रोकना बतलाता है कि मोदी का मंदिर–प्रेम केवल चुनावी प्रचार का हिस्सा है। दो मंदिरों के बीच भारत का लोकतंत्र कैसे फंसा हुआ है, 22 जनवरी का घटनाक्रम साफ तौर पर यही अभिव्यक्त करता है।

# अमीरूल मोमिनीन हज़रत अली

आरिफ नगरामी

इन्शाह अल्लाह कल 13 रजबुल मुरज्जब के दिन पूरे आलमे इस्लाम के साथ साथ इल्म व अदब के मरकज लखनऊ में भी मुसलमानों के चौथे खलीफा, दमाद रसूल स0अ0 हजरत अली रजि0 का यौमे विलादत शान व शौकत और अदब व एहतेराम के साथ मनाया जायेगा। मजहबे इस्लाम में किसी भी शख्स का यौमे विलादत या यौमे वफात मनाना मना है क्योंकि यह दोनों रस्में गैर इस्लामी हे। लेकिन उन अजीम हस्तियों को याद करना या अवाम के सामने उनकी जिन्दगी के हालात को पेश करना जिससे लोग कुछ सीख सकें। या सबक ले सकें। इस हद तक सही है कि उस शख्स के यौमे विलादत या यौमे वफात पर कोई प्रोग्राम न रखा जाये बल्कि किसी और दिन उसके बारे में बताया जाये। रसूल करीम स0अ0 की वफात के बाद आपके पैगाम की नश्रो इशाअत को जारी व सारी रखने के लिए खुलफाए राशदीन ने अपने कौल व अमल और किरदार से अवाम की रहनुमाई का फरीजा अन्जाम दिया। खुलफाए राशदीन का यह सिलसिला खलीफाए अव्वल हजरत अबू–बरक सिद्दीक़ रह0 से शुरू होकर खलीफाए चहर्रूम हजरत अली रजि0 पर खत्म होता है।

हजरत अली रजि0 तारीख इस्लाम का वह इन्तेहाई मुकद्दस और मोहतरम नाम है। जिसे रसूल करीम स0अ0 की सोहब व माइय्यत का ही नही बल्कि आप के अलहे बैत के जुमरे में शामिल रहने और आप स0अ0 के हिजरत मदीना मुनव्वरा के वक्त रसूल करीम की नियाबत का शर्फ भी हासिल रहा। शेरे खुदा हजरत अली रजि0 जामे कुरआन भी थें और नबी आखरूज्जमा के इन्तेहाई लाडले भी, उन्हे यह भी एजाज हासिल था कि वह नबी हाशिम के अव्वलीन खलीफा भी रहे रसूले खुला स0अ0 के साथ तमाम गजवात में शामिल रहे। हजरत अली रजि0 की जिन्दगी हिम्मत, जुर्रत, सखावत व फय्याजी के इतने वाकियात है कि उनके लिए हजारों सफहात भी नाकाफी है। आप रजि0 के एखलाक व आदात के तजकिरे` के लिए किताबों के ज़खीरे दरकार है अपन रजि0 फजाएल के तजकिरे यही काफी है कि वह रसूले करीम स0अ0 के दादाम थें जन्नत में ख्वातीन की सरदार हजरत फातिमा रजि0 के शौहर नामदार थे और रसूल करीम स0अ0 के लाडले और जिनके नवासों हजरत हसन रजि0 और हजरत हुसैन रजि0 के वालिद महशर थे। हजरत अली करम उल्लाह वजहू की इससे बड़ी फजीलत और क्या होगी। कि उनके बारे में मोहम्मद मुस्तफा स0अ0 का इरशाद है कि जिसका मैं दोस्त हूं उसके अली भी दोस्त हैं। रसूल स0अ0 खुद को इल्म और अली रजि0 को उसका दरवाजा बता कर आप रजि0 आलमाना फंकार को बुलंद फरमाया। अलगर्ज हजरत अली रजि0 उस मुकर्रम व मुकद्दस शख्सियत का नाम है जिससे मोहब्बत रखना हर मुसलमान के लिए सआदत व फलाह दारीन का जामिन है दौरे हाजिर में एतेहादम मिल्लत व एतेहाद मिल्लत के लिए हजरत अली रजि0 की तालीमात पर अमल करना बहुत जरूरी है हजरत अली रजि0 ने अपनो या गैरों से हजारहां एखतलाफात के बावजूद भी राहे हक से मुंह नही मोड़ा। जिस बात को उन्होने हक जाना उसके लिए मियान से तलवार निकालने में न तो उनहोने अपने साथियों की कोई परवाह की और न ही एखतलाफ की शक्ल में कोई ऐसा काम किया जिससे उनकी नफ्स परस्ती साबित होती। उनके अजम व अस्तकामत या हौसला व जुर्रत पर कोई हर्फ आ सके। अगर इन्हे अपनी गलती का एहसास हुआ तो उसका एतराफ करने में भी उन्हे किसी हील व हुज्जत का सहारा लेने की जरूरत महसूस नही हुई। बहर तौर हजरत अली रजि0 ने इन्सानियत आदमियत के एहतेराम को भी मलहूज रखा और शरीअत इस्लामिया की किसी भी तालीम पर कोई अदना आंच भी नही आने दी। तारीख इस्लामी का मुताला के मुताला करने वाले को इस हकीकत का अदराक पूरी तरह हो जाता है कि उनकी जिन्दगी में बहुत से वह मसाएल भी पेश आये जा मनाफती की साजिशो और यहूदियों की मक्कारियों का नतीजा है हजरत अली रजि0 को यह इमतियाज हासिल है कि उम्मत के तमाम तबकात ने उनकी खलाफत को बिल इत्तेफाक तसलीम किया ताहम अहले सुन्नत व अलजमाअत हजरत अली रजि0 से गायत मोहब्बत व अकीदत के बावजूद उन्हे इन्सानी जमाअत का हिस्सा मानते है जिसकी सआदत करामत, फरासत, व अमानत, सदाकत, व दियानत, तकवा तहारत, नजाबत व शराफत में कोई बात करना मुसलमान की महरूमी है 13 रजबुल मुरज्जब हजरत अली रजि0 का यौमे पैदाईश है उस दिन हम सबकों अहेद करना चाहिए कि हम एतेहाद उम्मत का मुजाहिरा करते हुए कम अज कम उन दिले फरामोश तब्सिरों से अपने कलम व जबान को पाक रखें जो उम्मत के एक बड़े तब्के की दिल आजारी का सबब बनते है अकीदते अली हुब्बे रजि0 में जब अली का मुजाहिरा करना हमारे लिए लाजमी है लेकिन किसी दूसरे की तकलीफ व दिल आजारी उस मोहब्बत का तकाजा नही अगर हम हजरत अली रजि0 की जिन्दगी को अपने मशगले राह बना लें तो उम्मत के मसाएल का हल आसानी के साथ निकल सकता है।

# जनसंख्या नियंत्रण नीति से डरे हुए हैं असम में अल्पसंख्यक

आशीष विश्वास

यह बहस का विषय बना हुआ है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा शर्मा भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं या नहीं, जैसा कि शीर्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया है। अभी जिस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है, वह है श्री शर्मा द्वारा उन नीतियों को आगे बढ़ाना जिस उनके राजनीतिक विरोधी संपूर्ण हिंदुत्व एजेंडा कहते हैं।

कुछ आलोचक इससे भी आगे बढ़ते हैं और असम में उनके कुछ हालिया निर्णयोंध्कदमों में गहरे राजनीतिक उद्देश्य पढ़ते हैं। उन्हें डर है कि स्पष्ट रूप से मुसलमानों को लक्षित करने वाले उनके नवीनतम प्रस्तावों का पूर्वोत्तर के पड़ोसी राज्यों, यहां तक कि पश्चिम बंगाल पर भी, अप्रत्यक्ष रूप से, एक मजबूत प्रभाव पड़ सकता है। इस तरह की आलोचना पर जोर देने की जरूरत है, परन्तु असम के मुख्यमंत्री जिसकी कोई परवाह नहीं करते। फिर भी उन पर कभी भी किन्हीं मामूली राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पोषित करने का आरोप नहीं लगाया गया है। उत्तर प्रदेश में अपने समकक्ष आदित्यनाथ योगी के साथ, श्री शर्मा उन मुट्ठी भर गतिशील भाजपा नेताओं में अग्रणी बनकर उभरे हैं जिनकी पहुंच और प्रभाव अब उनके मूल क्षेत्रों की सीमाओं से परे भी फैल गया है।दोनों ही मामलों में, उनके प्रभुत्व और सफलता की कुंजी किसी भी राजनीतिक विवाद को पूरी तरह से नजरअंदाज करते हुए, कुछ विशिष्ट कार्यक्रमों को पूरा करने के लिए उनका एक अदम्य उत्साह ही रही है। भले ही वह 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए जोरदार प्रचार कर रहे हैं और श्री गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रमों को यथासंभव असुविधाजनक बना रहे हैं, असम में अपने राज्य के भीतर वहद्विविवाहध्बहुविवाह विवादों और अवैध बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए नये कानून का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहे हैं। असम स्थित मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि राज्य सरकार नये अधिनियम की घोषणा से पहले फरवरी के बजट सत्र में ही ऐसे मामलों पर गहन चर्चा करना चाहेगी। आधिकारिक राय यह है कि बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ जारी है। कुछ मुस्लिम पुरुषों के बीच एक से अधिक पत्नियाँ रखने की प्रथा नाबालिगों के अवैध विवाह के अलावा, पूरे समाज के लिए समस्याएं पैदा करती है। ऐसी प्रथाओं पर रोक लगाने के प्रमुख प्रयासों के अभाव में, हाल के वर्षों में राज्य की जनसंख्या में वृद्धि हुई है। अधिक चिंताजनक बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों में कई स्थानों पर जनसांख्यिकीय संतुलन में काफी बदलाव आया है, जिससे कई समुदाय अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

राज्य के अधिकारियों ने ऐसे संवेदनशील मुद्दों से निपटने में पारदर्शी दृष्टिकोण अपनाया है। ऐसे



मामलों पर सार्वजनिक चर्चा को प्रोत्साहित करने के लिए सामूहिक सुनवाइयां भी आयोजित की गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसी ही एक सभा में लगभग 150 लोगों ने आधिकारिक रुख का समर्थन किया, जबकि केवल 2–3 लोगों ने इसके खिलाफ बात की। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एक अन्य बैठक में कोई विरोध नहीं हुआ। इन रुझानों से प्रतीत होता है कि लोगों के व्यापक वर्गों के बीच आधिकारिक लाइन के प्रति एक स्तर तक समर्थन है। जैसी कि उम्मीद की जा सकती है, विपक्षी दल और नेता सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रस्तावों को अमानवीय, सांप्रदायिक और भेदभावपूर्ण बताते हुए इसकी कड़ी निंदा करते हैं। उन्हें लगता है कि सिर्फ मुसलमानों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उनका आरोप है कि असम में विभिन्न विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के क्षेत्रों और संरेखण को फिर से परिभाषित करने वाले हालिया परिसीमन अभ्यास में, प्रशासन के साथ–साथ सत्तारूढ़ दल द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये गये थे कि विपक्षी दलों को नुकसान हो, और कहा जा रहा है कि 126 विधानसभा सीटों में से 100 पर ऐसी व्यवस्था की गई है। इसलिए, कांग्रेस और एआईयूडीएफ नेताओं (ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिकफ्रंट) के अनुसार, लगातार बढ़ती आबादी के माध्यम से असम में विदेशी मुसलमानों की घुसपैठ की बड़े पैमाने पर कल्पित समस्या को पहले ही आधिकारिक तौर पर संभाल लिया गया था, जैसा कि श्री शर्मा ने खुद कुछ मौकों पर खुले तौर पर स्वीकार किया था। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, लाखों घुसपैठियों का पता लगाने और उन्हें बाहर निकालने के लिए पिछली एनआरसी पहल, जिसे विपक्ष ने विनाशकारी कहा था, सहित बार–बार आधिकारिक पूछताछ और अभियान चलाये गये। जैसा कि अपेक्षित था, एआईयूडीएफ की प्रतिक्रिया इस मुद्दे पर, साथ ही प्रशासन द्वारा संभाले गये अधिकांश अल्पसंख्यक–संबंधी मामलों पर सबसे अधिक नकारात्मक रही है। सांसद और एआईयूडीएफ सुप्रीमो बदरुद्दीन अजमल कहते हैं, श्असम में मुसलमान भाजपा से नहीं के बराबर मदद और सुरक्षा की उम्मीद कर सकते हैं खासकर शर्मा के कार्यकाल के दौरान। निश्चित रूप से श्री शर्मा ने इसका जोरदार विरोध किया है, जो मूल असमिया भाषी मुसलमानों और बंगाली भाषी बांग्लादेशी अप्रवासी मुसलमानों (स्थानीय बोलचाल में शमियांश) के बीच स्पष्ट अंतर बनाये रखने में हमेशा सावधान रहे हैं।

पर्यवेक्षकों के अनुसार, यह मुसलमानों का दूसरा वर्ग है जो आम तौर पर राज्य प्रशासन या प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक ताकतों,पार्टियों से कथित तौर पर कठोर व्यवहार का शिकार होता रहा है।सुस्मिता देव, जो हाल ही में कांग्रेस से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हुईं, ने भी संबंधित मुद्दे पर प्रशासन के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अवैध बांग्लादेशियों को अलग–थलग करने और मताधिकार से वंचित करने के लिए हाल ही में रोक दिये गये एनआरसी अभियानों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि लगभग 20 लाख लोगों ने अपनी कुछ बुनियादी मानवीय सुविधाएं खो दी हैं। ये वे लोग थे जिनकी नागरिकता की स्थिति एनआरसी अधिकारियों द्वारा अपरिभाषितध्संदिग्ध छोड़ दी गई थी। भाजपा के अधीन न तो राज्य सरकार और न ही केंद्र सरकार ने अपनी वर्तमान स्थिति को सकारात्मक या नकारात्मक रूप से फिर से परिभाषित करने की परवाह की। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया कि अधर में लटके हुए ये जाहिरा तौर पर राज्यविहीन लोग, जिनमें ज्यादातर हिंदू हैं, अब कई मामलों पर आधिकारिक मदद पाने के हकदार नहीं हैं।

# उमेश चंद्र अग्रवाल बने अवध जिमखाना क्लब के सचिव।



मृत्युंजय प्रताप सिंह पत्रकार

लखनऊ। शहर के जाने माने अवध। जिमखाना क्लब में सचिव पद का चुनाव रविवार को सम्पन्न हुआ। इसमें डॉ. जगदीश चंद्र अग्रवाल को हराकर उमेश चंद्र अग्रवाल विजयी हुए। चुनाव अधिकारी सुशील कुमार बाजपेई की देखरेख में हुए चुनाव में उमेश चंद्र ने 488 वोट हासिल किए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी डॉ. जगदीश को 374 मत प्राप्त हुए। 11 वोट अमान्य रहे। जीत के बाद उमेश चंद्र ने कहा कि क्लब के नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखकर क्लब के कार्यों को आगे बढ़ाऊंगा।

# श्री राम युग का मंचन देख राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने छात्रों की प्रशंसा की



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। कुँवर्स ग्लोबल स्कूल के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही राजपाल आनंदी बेन पटेल । श्री राम युग का मंचन देख राज्यपाल आनंदी बेन पटेल मंत्रमुग्ध होकर छात्रों की प्रशंसा की।

वरिष्ठ समाज सेवी एवं मेडिसिन मैन ऑफ सलेमपुर राजेश सिंह दयाल के धर्मार्थ संस्थान कुँवर्स ग्लोबल स्कूल के वार्षिकोत्सव में राजपाल आनंदी बेन पटेल ने मुख्य अतिथि के तौर पर संस्थान एवं बच्चों में अपना समय व्यतीत किया ।

श्री राम युग की तर्ज पर आधारित सांस्कृतिक मंचन का लुत्फ लेते हुए राजपाल ने छात्रों एवं अभिभावकों के सम्मुख अपने जीवन की यात्रा का अनुभव प्रस्तुत किया ।

राजेश सिंह दयाल द्वारा स्थापित कुँवर्स ग्लोबल स्कूल के प्रांगण में स्थित हनुमान मंदिर में आशीर्वाद लेकर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने यू पी दिवस की बधाइयाँ दी ।

दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत कर राजेश सिंह दयाल द्वारा सम्मान पूर्वक सभी को पौधे भेंट किए गए।

राजेश सिंह दयाल द्वारा राज्यपाल के स्वागत सत्कार के पश्चात राजेश सिंह दयाल ने जय श्री राम का नारा लगाया एवं राम जैसे पुत्र की कामना करने से पहले दशरथ जैसे पिता बनने की सलाह दी । अपने दर्द को साझा करते हुए राजेश सिंह दयाल ने अपने पुत्र की मृत्यु के पश्चात् अपने जीवन को समाज के लिए समर्पित करने की बात कही, उनका मानना था कि ईश्वर हमें सिर्फ परिवार मोह नहीं अपितु समाज मोह के लिए भेजता है और समाज को लौटाने में पुण्य और सुख दोनों प्राप्त होता है ।

श्री राम युग का मंचन देख राज्यपाल आनंदी बेन पटेल मंत्रमुग्ध होकर छात्रों की प्रशंसा की एवं राजेश सिंह दयाल द्वारा किए जा रहे समाज कल्याण कार्य की सराहना की । उनका कहना था कि एक कुँवर जाते जाते आपको हजारों कुँवर दे गया जिससे आज आप समाज कल्याण और निर्माण दोनों कर रहें है।

उत्तर प्रदेश की माननीया राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने राजेश सिंह दयाल द्वारा सलेमपुर में उनके द्वारा 1.25 लाख लोगों के मुफ्त इलाज एवं 1000 बुजुर्गों के मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन की जानकारी पर आश्चर्य व्यक्त किया और तालियों की गड़गड़ाहट से उनकी सराहना भी की ।

कार्यक्रम का समापन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नृत्यकलाओं के साथ हुआ ।

कार्यक्रम में राज्यपाल उत्तर प्रदेश के साथ साथ उनकी पुत्री अनार पटेल,चेयरमैन एन.ए .एफ .सी .ए . आर .डी एवं गुजरात खेती बैंक चेयरमैन डॉलर भाई कुटेचा, डिप्टी मेयर जूनागढ़ गिरीश भाई कुटेचा ने भी राममय होकर कार्यक्रम का आनंद लिया एवं राजेश सिंह दयाल का हृदय से आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर संजय सिंह , गुरु रघुनाथ यमूल , पूर्व जल शक्ति मंत्री डॉक्टर महेन्द्र सिंह मोजूद रहे।

# दुर्ग के नशा मुक्तिकेंद्र की कल्याणी बहनें सम्मानित







ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

दुर्ग,छत्तीसगढ़ ।नशामुक्त भारत अभियान के तहत हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग की प्रथम महिला कुलपति माननीय डॉक्टर अरुणा पल्टा जी का आगमन और राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु दो बालिका(दामिनी देवांगन और भारती वर्मा) का सम्मान किया गया।' यह दोनो बहनें भोपाल चारमण्डली के नंदिनी शिविर में भी भाग ली थीं। कल्याणी संस्था के प्रमुख अजय भाई विनोबा विचार प्रवाह, और नंदिनी लोकमित्र परिवार , स्वस्थ शिक्षित समृद्ध समूह से भी जुड़े हैं। उनके यहां की कल्याणी बहनें बहुत सुंदर अच्छा काम कर रही हैं। अभी अगला नंदिनी लोकमित्र शिविर माता रुक्मिणी सेवा संस्थान बस्तर छत्तीसगढ़ में दिनांक 11 से 13 फरवरी में संपन्न होने जा रहा हैं ।जिसमें दुर्ग के नशा मुक्ति केंद्र की कल्याणी बहनें भी भाग लेंगी। समाजसेवियों ने दी बधाई।

# बारहवें नंदिनी लोकमित्र शिविर धुलिया का समापन गांधी तीर्थ जलगांव में सम्पन्न



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

धुलिया, महाराष्ट्र। विनोबा विचार प्रवाह के सूत्रधार रमेश भइया ने बताया कि नंदिनी लोकमित्र शिविर का तीसरा दिवस अत्यंत सुंदर रहा। सबेरे धुलिया में बर्वे कन्या छात्रालय से स्वल्पाहार करके जलगांव के लिए निकलना हुआ। रास्ते में पद्मालय तीर्थ पर गए जहां शिव और गणपति के अनेक रूप देखने को मिले। पूजा अर्चना अनेक लोगों ने की। वहां की कहानी पांडव काल की थी। भीम ने यहां पर युद्ध किया था उनके पैरों के निशान भी दिखते हैं। एकछत्र नगरी स्थान का नाम बताया गया। गांधी रिसर्च फाउंडेशन जलगांव पहुंचने पर श्री अनिलेश जी ने सभी का स्वागत किया ।आगे उदय महाजन जी जो कोर टीम के व्यक्ति हैं उन्होंने जी आर एफ की जानकारी दी। फिर हम सब भोजनालय में गए बहुत ही सुंदर भोजन किया। तत्पश्चात डा अश्विनी झाला जी के साथ गांधी तीर्थ में गांधी म्यूजियम देखने गए जहां हम सभी को दो टीमों में बांट दिया गया। सवा दो बजे शुरू हुआ भ्रमण और सवा चार बजे निकल पाए। इसका निर्माण श्रद्धेय भंवर लाल जैन ने अपने जीवन काल में ही 16 माह 20 दिन में 21 करोड़ में निर्माण कराया था ।श्रद्धा भूमि अर्थात संस्थापक भंवर लाल जैन जी की समाधि पर गए वहां प्रार्थना की। आदरणीय भंवर लाल जैन जी गांधी जी के जीवन से प्रभावित हुए थे ।जब उनकी आर्थिक स्थिति ठीक हुई। तब उन्होंने गांधी तीर्थ की स्थापना की। वर्ष 2010 ऋ 11 में दैनिक निर्माण प्रगति को फिल्म द्वारा दिखाया। संग्रहालय देखकर वापस आने पर खादी और किताबों की खरीद बहुत लोगों ने की। प्रार्थना भूमि 'गांधी की खोज में' स्थल के आंचल में लक्ष्मी आश्रम कोसानी अल्मोड़ा की आशा बहन के नेतृत्व में छः बहनों की टीम 10 दिन के प्रशिक्षण पर आई थी। उस टीम ने धरती मां पहली रोटी किसको दे । धरती मां से पहली रोटी मांगने नेता,सैनिक साहूकार, जुलाहा सभी मांगने आए और अपना अधिकार सिद्ध करने की कोशिश की ।लेकिन मां ने वह पहली रोटी किसान के ही हांथ में दी। नंदिनी शिविर के समापन में सभी को ।प्रमाणपत्र ज्योति दीदी,उदय महाजन भाई गीता धर्मपाल बहन, अश्विनी झाला और निर्मला अश्विन, विमला बहन के हाथों वितरित किए गए। सभी का नाम प्राची बहन ने बुलाया ।आदरणीय रमेश दाणे और मधुकर भाई का बहुत संबंध गांधी रिसर्च फाउंडेशन से है। जिनके कारण ही आज का सुंदर समापन गांधी तीर्थ में संभव हो सका। संजय राय ने शिविर की जानकारी और ज्योति दीदी ने अपना आशीर्वाद संबोधन दिया। सभी का आभार कृष्णा सिरसठ ने दिया। बहुत सुंदर सभी की विदाई हुई।

# पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ दिलायी गयी




ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। विजय कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा ष्राष्ट्रीय मतदाता दिवसष दिनांक 25. 01.2024 को सार्वजनिक अवकाश होने के दृष्टिगत आज दिनांक 24. 01.2023 को कार्यालय में अपर पुलिस महानिदेशक ध्पुलिस महानिदेशक के जीएसओ सहित उपस्थित अधिकारियोंध् कर्मचारियों के साथ ष्राष्ट्रीय मतदाता दिवसष के अवसर पर शपथ दिलाई गयी।

इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारियोंध् कर्मचारियों द्वारा अपने—अपने कार्यालय में शपथ ली गयी कि —

ष्हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# जैन धर्म की प्रभाविका माता सृष्टि भूषण का पिहानी नगर आगमन, भक्तों में जबरदस्त उत्साह

### माताजी के नगर में प्रवेश के करते ही स्वागत को ऐतिहासिक बनाने के जैन समाज के प्रमुख लोगों ने जगह-जगह पर स्वागत किया। माताजी का स्वागत क्षेत्र के नारीखेड़ा ,वाजिद नगर ,बस स्टैंड, बाबा मैरिज हॉल व कुइयां में किया गया।



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

हरदोई। जैन धर्म की आर्यिका रत्न 105 सृष्टि भूषण माताजी एवं 105 विश्व यश मति माता जी का मंगलवार को पिहानी कस्बे प्रवेश हुआ। जैन धर्म प्रभाविका सृष्टि भूषण माताजी ने सभी को अहिंसा परमो धर्मा का संदेश देते हुए समाज में एक दूसरे की मदद करने के लिए कहा। निशुल्क गरीब कन्याओं की शादी करने पर बाबा मैरिज हाल के मालिक जोगराज सिंह की पीठ थपथपाते हुए उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि जोगराज से लोगों को एक सीख लेनी चाहिए

जैन समाज के गणमान्य लोगों ने चरण पखार कर मंगल आरती उतारी। माताजी के मंगल प्रवेश एवं चतुर्मास से पूरा जैन समाज उल्लासित था। युवा जैन धर्म की जय—जयकार, अहिंसा परमो धर्म, सृष्टि भूषण, विश्व यश मति माताजी के जयकारे लगाते हुए भक्तिमय माहौल में निकले और जगह—जगह उनका स्वागत किया गया।

228 किमी पैदल यात्रा के बाद नगर आगमन, 1068 किलोमीटर चलकर जाएंगी झारखंड

जैसा कि विदित ही है कि जैन साध्वी नंगे पैर पैदल ही चलती हैं। जैन साध्वी और मुनि किसी वाहन का प्रयोग नहीं करते। माताजी मुरादाबाद से शाहजहांपुर ,जंग बहादुरगंज होते हुए मंगलवार को कस्बा पिहानी आयी। के लिए प्रस्थान किया था। हरदोई से चलकर पैदल ही झारखंड जाएंगी जो 1068 किलोमीटर है। जगह—जगह रुकने का स्थान उनके जैन धर्म के श्रद्धालु बनाते रहते हैं ।इतनी सर्दी होने के बावजूद न तो कंबल ओढती है और न रजाई । स्वयं का बना हुआ भोजन दिन में एक बार ग्रहण करती हैं। उनके साथ में चार और लोग पैदल यात्रा कर रहे हैं ।चातुर्मास के मध्य प्रतिदिन प्रवचन, पूजा—विधान, भक्ति आदि कार्यक्रम होंगे। माताजी युवा पीढ़ी को धर्म की शिक्षा और अपनी संस्कृति का ज्ञान देंगी।

अपने प्रवचन के दौरान बाबा मैरिज हाल में माताजी ने कहा कि बेटियों को पढ़ाई के साथ—साथ अपनी संस्कृति, शिक्षा एवं घरेलू कामकाज भी सिखाएं। बेटियों से आह्वान किया कि वह अपने सास—ससुर को अपने माता—पिता की तरह समझें और उनको सम्मान दें। जैन धर्म की प्रभाविका माता सृष्टि भूषण का रुकने व ठहरने की विशेष व्यवस्था सुमित अग्रवाल उर्फ लकी अग्रवाल व पवन जैन,अमरीक सिंह,निधिश जैन, सुमित जैन जोगराज सिंह कर रहे हैं।

# माध्यमिक शिक्षक संघ जौनपुर का चुनाव सम्पन्न



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जौनपुर का चुनाव, चुनाव अधिकारी शैक्षिक विचार पत्रिका के संपादक वीरेंद्र सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें जिलाध्यक्ष पद के लिए प्रमोद कुमार सिंह के नाम का प्रस्ताव निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह ने रखा जिसका उपस्थित सभी शिक्षकों ने समर्थन किया। दिनेश चक्रवर्ती को जिलामंत्री ,प्रवीण पाण्डेय कोषाध्यक्ष ,जयप्रकाश सिंह को संगठन मंत्री एवम विजय सिंह यादव को प्रचार मंत्री का चयन सर्वसम्मति से किया गया ।प्रांतीय उपाध्यक्ष नरसिंह बहादुर सिंह एवम प्रांतीय मंत्री अजय प्रकाश सिंह ने नवगठित कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं दी। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शीघ्र ही अन्य पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा ।इस अवसर पर डा. प्रविंद सिंह,रामप्रकाश सिंह,रणंजय सिंह,जयशंकर सिंह,धर्मेंद्र शुक्ला,संतोष सिंह, संजय सिंह,अखिलेशचंद्र,संतोष सिंह,शैलेंद्र पांडे ,दीपक सिंह,आलोक श्रीवास्तव,प्रशांत पांडे,दयाशंकर सिंह, रामकुमार।

# चल देख सखी राम बने दूल्हा पर झूमें भक्त

### श्रीराम कथा के पांचवे दिन भक्तो ने मनाया सियाराम विवाहोत्सव



हरदोई (अंबरीष कुमार सक्सेना)

धन्य भाग्य दशरथ कौशल्या पूर्ण भये मन काम अवध में प्रगट भये भगवान.... भजन से शुरू हुई पांचवे दिन की श्रीराम कथा।

अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास सुखनंदन शरण जी महाराज ने श्री राम कथा के पांचवे दिन बताया कि माता—पिता को सदैव माता जी और पिता जी कहकर सम्बोधित करना चाहिये उन्होंने बताया कि पाश्चात्य सभ्यता को बढ़ावा देता है मॉम डैड हमें इसका बहिष्कार करना चाहिए।

श्री महाराज ने सीताराम जी की प्यारी रजधानी लागे रजधानी लागे मोहे मीठो मीठो सरयू जी को पानी लागे भजन के माध्यम से श्रद्धांलुओं को अवध धाम के दर्शन करवाए।

श्री महाराज ने बताया परिवार में यदि कुछ भी आप खरीदे चाहे वाहन हो, कपडे हो, मिठाई हो या कुछ भी हो पहले प्रभु को अर्पण करें प्रभु से सम्पर्क बना रहना चाहिए क्यूंकि सब उन्ही का दिया हुआ है प्रभु का आभार व्यक्त करना चाहिए। श्रीराम कथा के पांचवे दिन प्रभु श्रीराम और सीता माता के विवाहोत्सव को श्रद्धालुओं ने बड़ी धूम धाम से मनाया साथ ही छप्पन भोग भी लगाया गया। श्रीराम कथा की शुरुआत कथा के मुख्य यजमान अखिलेश सिंह ने सप्तनीक एवं सदर सांसद जय प्रकाश रावत ने संयुक्त रूप से पूजन अर्चन के साथ किया। प्रभु के विवाहोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन कर झूम कर खूब आनन्द उठाया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमन सिंह, सच्चिदानंद मिश्र, प्रभाकर द्विवेदी, संजीव श्रीवास्तव, रजनीश सिंह, हरिनाथ सिंह, आशीष त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरदोई ग्रामीण श्याम सिंह, भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा, मुकेश सिंह, भूमिका सिंह, देवेंद्र पाण्डे, कर्ण सिंह राणा, मंजू गुप्ता, आचार्य प्रियांशु त्रिवेदी, आशीष सिंह वोडा, अनुराग गुप्ता आदि सैकड़ो रामभक्त मौजूद रहे।

# पिकअप से टकरा कर ठेकेदार की मौत

हरदोई (अंबरीष कुमार सक्सेना) घने कोहरे के बीच इंडस्ट्रियल एरिया सण्डीला की प्लाईवुड कंपनी के ठेकेदार की गुरुवार की सुबह पिकअप की टक्कर लगने से मौत हो गई। हादसा बघौली थाने के भैंसटा नदी पुल की मोड़ पर होना बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है। माधौगंज थाने के हुमायूंपुर निवासी 32 वर्षीय पंकज पुत्र संदेश उर्फ हृदय नारायन इंडस्ट्रियल एरिया सण्डीला में रत्न मोनी प्लाईवुड कंपनी में ठेकेदारी करता था। गुरुवार की सुबह पकंज अपनी बाइक से कंपनी के लिए घर से निकला। वह माधौगंज—बघौली रोड पर पड़ने वाली भैंसटा नदी पुल की मोड़ पर पहुंचा,उसी बीच घने कोहरे के चलते सामने से आ रही पिकअप ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

# अटेवा ने मतदाता दिवस पर निकाला पेंशन जागरुकता मार्च




ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। अटेवा पेंशन बचाओ मंच जौनपुर ने निकाली पेंशन जागरूकता मार्च । लोगों को मतदान हेतु जागरूक करने के साथ साथ अटेवियंस ने राजनीतिक दलों को आगाह किया कि अटेवा आगामी चुनाव में वोट की चोट करेगा। सर्वप्रथम डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन करते हुए जागरूकता मार्च का शुभारंभ किया गया। हजारों की संख्या में पेंशन विहीन शिक्षक ,कर्मचारी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग करते हुए कलेक्ट्रेट , जोगियापुर, जेसीज , रोडवेज और जेल रोड होते हुए विकास भवन स्थित शहीद स्तंभ पर पहुंच कर जागरूकता मार्च का समापन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चंदन सिंह और महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष डा यामिनी सिंह सभी क्रांतिकारी साथियों का आभार व्यक्त किया साथ ही साथ जिला महामंत्री इन्दु प्रकाश यादव एवं जिला प्रवक्ता विनय वर्मा ने 4 फरवरी को रन फॉर ओ पी एस के लिए लखनऊ चलने का आवाह्न किया । इस अवसर पर अनिता मौर्य, पूनम जायसवाल , आराधना , फूलकली, सीमा यादव, पूजा पांडेय , जगदीश यादव, संदीप यादव , शशि राय ,प्रवीण श्रीवास्तव,राजेश उपाध्याय, अरविंद यादव,सुरेंद्र सरोज, शैलेश यादव, प्रशांत यादव,रितेश श्रीवास्तव, हिमांशु भास्कर, राजधारी तिवारी, गौरी शंकर यादव, ,विजय पाल, अशोक राव , हरिश्चंद्र यादव, नन्द लाल पुष्पक, प्रदीप उपाध्याय , रजी अहमद, माणिक चन्द, उदय राज पटेल, अनिल चौधरी, संदीप यादव महाराजगंज, अनिल चौधरी सुईथाकला , गौरव यादव, प्रदीप यादव, कृपा निधि यादव, शरद यादव, नागेंद्र यादव, विनोद यादव, विनय उपाध्याय, सर्वेश , विनय यादव, प्रमोद प्रजापति, अखिलेश, लाल चंद यादव, सूरज कन्नौजिया, लक्ष्मण पाठक,रविन्द्र नाथ, तेजबहादुर ,अखिलेश यादव,राहुल शर्मा , अमरेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, रमाकांत पाल, रमेश मौर्य, संजय कन्नौजिया, नितिन यादव, रत्ती लाल निषाद,प्रेम चंद यादव, अरुण प्रकाश यादव आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रभारी जिला संगठन मंत्री सुभाष सरोज एवं संदीप चौधरी ने अन्त में सभी का आभार व्यक्त किया।

